जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र./जी.वि.वि./2020/गोपनीय/ 2625 दिनांकः 22/02/20

प्रति,

समस्त प्राचार्य
जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर
समस्त महाविद्यालय।

विषयः– रोके हुए परीक्षा परिणाम को घोषित कराने हेतु कार्यवाही करने वाबत्।

महोदय

आपके महाविद्यालय से विभिन्न परीक्षाओं में सम्मलित हो रहें छात्र/छात्राओं में से कुछ छात्र /छात्राओं के परीक्षा परिणाम उनके संदर्भ में अपूण एवं अस्पष्ट जानकारी के कारण रुक जाते है । रोके गये परीक्षा परिणामों के संबधित विवरण , आपको उपलब्ध कराये गये परीक्षा चार्ट मे अंकित होता है लेकिन आपकी ओर से इस संबंध में कोई पहल न होने के कारण ऐसे प्रकरण लंबिंत रहते है जिसकी परिणति सी.एम.हेल्पलाइन की शिकायतों के रूप में होती है।

निश्चित ही आपके महाविद्यालय में शिक्षारत/पंजीकृत छात्र/छात्राओ की समस्याओं का निदान करना आपका दायित्व है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपना प्रतिनिधि भेजकर समस्त लंबित प्रकरणों का निराकरण करावें

वांछित कार्यवाही न करने की स्थिति में आपके विरुध्द कार्यवाही हेतु उच्च शिक्षा म.प्र.शासन को पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा जिसके लिये आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

आदेशानुसार
कुलसचिव

प्रतिलिप–

1. माननीय जिलाधीश जिला ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, दतिया, अशोकनगर श्योपुर गुना शिवपुरी की ओर इस अनुरोध के साथ कि आपके क्षेत्राधिकार स्थित महाविद्यालय के प्राचार्यओं को जिलाधीश कार्यालय स्तर से भी उचित निर्देश जारी करने का कष्ट करें ताकि सी.एम.हेल्पलाइन संबंधि प्रकरणों के सीमित संख्या में पंजीकृत होने एवं उनके तत्काल निराकरण हेतु प्रभावी कार्यवाही की जा सके
2. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग(ग्वालियर चंबल संभाग) की ओर सूचनार्थ एवं उचित कार्यवही हेतु।
3. श्री संजय वरथरिया आई/टी इंचार्ज की ओर इस अशय के साथ कि उक्त पत्र विश्वविद्यालय की वेवसाइड पर अपलोड करें।

सहायक कुलसचिव(परीक्षा)